## खास खबरें

### ईपीएफओ खाताधारकों के लिए बड़ी सौगात, नौकरी छोड़ने के बाद अब पुरानी कंपनी में नहीं करनी पड़ेगी मिन्नत

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने खाताधारकों की बड़ी परेशानी खत्म कर दी है। अब खाताधारक नौकरी बदलने पर खुद ही 'डेट ऑफ एग्जिट' को ऑनलाइन अपडेट कर सकेंगे। पहले जानकारी अपडेट करने का अधिकार कंपनी के पास होता था और इससे खाताधारकों को पीएफ खाता अपडेट कराने के लिए बहुत परेशान होना पड़ता था।

**कर्मचारियों को होती थी दिक्कत :** किसी भी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कर्मचारी की सैलरी का एक हिस्सा पीएफ के तौर पर काटा जाता है। इस पैसे को कर्मचारी के पीएफ खाते में जमा किया जाता है। जब तक कर्मचारी उसी कंपनी में नौकरी करता है तब तक तो इसमें कोई दिक्कत नहीं होती है लेकिन जब कर्मचारी नौकरी छोड़कर दूसरी कंपनी में चला जाता है तो ज्यादातर मामलों में पुरानी कंपनी जानकारी अपडेट करने में कर्मचारी की कोई मदद नहीं करती हैं। कर्मचारियों की इस परेशानी को अब मोदी सरकार ने हल कर दिया है। डेट ऑफ एग्जिट को अपडेट करने का अधिकार अब खाताधारक को ही दे दिया गया है। पीएफ के खाताधारक सबसे पहले पोर्टल पर यूएएन और पासवर्ड देकर लॉगिन करें। सफल लॉगिन होने पर मैनेज पर जाएं और मार्क एग्जिट पर क्लिक करें। इसके बाद सेलेक्ट इंप्लॉयमेंट से पीएफ अकाउंट नंबर को सेलेक्ट करें। अब डेट ऑफ एग्जिट और रीजन ऑफ एग्जिट पर क्लिक करें। फिर रिक्वेस्ट ओटीपी पर क्लिक करें और आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर पर आये हुए ओटीपी को दर्ज करें। अब चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें। इसके बाद अपडेट पर क्लिक करें और ओके पर क्लिक करें। ऐसा करते ही आपका डेट ऑफ एग्जिट अपडेट हो जायेगी।

### जानें कौन सा है दुनिया का सबसे 'पॉपुलर' एंड्रॉयड स्मार्टफोन, बिक गए 2 करोड़ से ज़्यादा फोन

**नई दिल्ली।** एंड्रॉयड लगभग हर ब्रैंड के साथ दुनिया में प्रमुख मोबाइल प्लेटफॉर्म बना हुआ है. चाहे वो शियोमी हो, वनप्लस हो, सैमसंग हो या वीवो सभी ब्रैंड ने बाज़ार में धूम मचा रखी है. अगर आप भी सोचते हैं कि 2020 में बेचे जाने वाले 100 में से सबसे ज़्यादा बिकने वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन कौन सा था, तो हम आपको बता रहे हैं. मार्केट रिसर्च फर्म ओमडिया के मुताबिक 2020 के एंड्रॉयड फोन में सबसे ज़्यादा सैमसंग गैलेक्सी ए 51 की शिपिंग हुई है।ओमडिया के मुताबिक सैमसंग ने 2020 में गैलेक्सी ए51 में 23.3 मिलियन (दो करोड़ 32 लाख) यूनीट बिक्री की है. दुनिया में सबसे ज़्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन आइफोन 11 था. टॉप 10 स्मार्टफोन्स की लिस्ट में पांच एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स और पांच आइफोन्स मौजूद है. पांच एंड्रॉयड स्मार्टफोन में चार फोन सैमसंग के और एक शियोमी का है। ओमडिया के मुताबिक ऐपल ने 2020 में आइफोन 11 की 64.8 मिलियन (छह करोड़ 48 लाख) यूनिट की बिक्री की।

#### एलपीजी पर सरकार के फैसले से बड़ी राहत

# रसोई गैस सिलेंडर को लेकर सरकार ने बदल दिया नियम

**नई दिल्ली**

सरकार अगले दो साल में देश के लोगों को 1 करोड़ मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देने जा रही है। इसी साल पेश हुए बजट में इसकी घोषणा की गई है और इसके लिए तमाम तरह की तैयारियां भी की जा रही हैं. देश में हर घर में एलपीजी कनेक्शन हो, इसके लिए सरकार ने उज्ज्वला योजना चलाई है।

इसी के तहत अगले दो वर्षों में 1 करोड़ फ्री एलपीजी कनेक्शन बांटे जाने का लक्ष्य है। सरकार इसके लिए नियमों में बदलाव करने की भी तैयारी कर रही है। ऑयल सेक्रेटरी तरुण कपूर ने कहा कि सरकार कम से कम दस्तावेज में एलपीजी कनेक्शन देने की तैयारी कर रही है। बदले नियमों में बिना निवास प्रमाण पत्र के भी एलपीजी कनेक्शन देने की योजना है. एलपीजी कनेक्शन पाने के लिए निवास प्रमाण पत्र सबसे अहम दस्तावेज होता है जिसके बिना एलपीजी सिलेंडर लेना मुश्किल है। लेकिन सबसे पास यह प्रमाण पत्र नहीं होता और गांवों में इसे बनवाने में मुश्किल भी आती है। इससे पार पाने के लिए सरकार बिना निवास प्रमाण के भी कनेक्शन देने पर विचार कर रही है।



### तीन डीलर से ले सकेंगे सिलेंडर

नए नियम के मुताबिक, कस्टमर्स को अब यह सुविधा दी जाएगी कि वे किसी एक डीलर के बदले एक साथ तीन डीलर से गैस बुक कर सकेंगै। एक डीलर के साथ एलपीजी उपलब्धता की अक्सर समस्या होती है. नंबर लगाने के बावजूद जल्दी सिलेंडर नहीं मिल पाता. अपने पड़ोस के तीन डीलरों से एक ही पासबुक के जरिये गैस ले सकेंगे। पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में ऑयल सेक्रेटरी ने कहा कि पिछले 4 साल में रिकॉर्ड 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं. इसी के साथ बड़े स्तर पर कुकिंग गैस सप्लाई का नेटवर्क भी मजबूत किया गया है। इसका नतीजा हुआ है कि देश में आज 29 करोड़ एलपीजी यूजर्स हो चुके हैं।

### बंटेंगे 1 करोड़ नए कनेक्शन

अभी हाल में जारी बजट में सरकार ने ऐलान किया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देश में 1 करोड़ कुकिंग गैस कनेक्शन मुफ्त में बांटे जाएंगे. सरकार की योजना इस संख्या को दो साल में 2 करोड़ तक बढ़ाने की है। बजट में इसके लिए अलग से आवंटन का प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि अभी जो सब्सिडी चल रही है, उससे कनेक्शन बांटने का काम आसानी से पूरा हो जाएगा. सरकार ने पूरे देश में अनुमान लगाया है कि कितने लोग एलपीजी कनेक्शन से वंचित हैं। यह हिसाब 1 करोड़ के आसपास बैठता है।

उज्ज्वला स्कीम शुरू होने के बाद बिना एलपीजी कनेक्शन वाले लोगों की संख्या काफी कम रह गई है. अभी 29 करोड़ लोगों को कनेक्शन दिया जा चुका है. इसमें 1 करोड़ और जोड़ देने से लगभग 100 परसेंट तक सिलेंडर वितरण का काम पूरा हो जाएगा. बाकी बचे लोगों के लिए भी कनेक्शन देने की तैयारी शुरू हो जाएगी। उज्ज्वला स्कीम के तहत सरकार प्रदेश के गैस वितरण रिटेलर को 1600 रुपये की सब्सिडी देती है। इस सब्सिडी के माध्यम से लोगों को फ्री कनेक्शन दिया जाता है। सब्सिडी के माध्यम से सिलेंडर की सिक्योरिटी फीस और फिटिंग चार्ज को माफ किया जाता है।

#### कोविड महामारी में अमेरिका के लोगों को मिलेगी राहत

## सीनेट में 1.9 हजार अरब डॉलर के राहत पैकेज को मंजूरी

**नई दिल्ली**

दुनियाभर में कोरोना वायरस महामारी ने लोगों के लिए तमाम तरह की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा है, वहां रहने वाले लोगों की नौकरियां चली गई हैं। जिसके बाद से हर कई सरकार की ओर मदद की आस लगाए बैठा है। अब अमेरिका में कोरोना वायरस से प्रभावित होने वाले लोगों को सरकार की ओर से बड़ी मदद मिलने जा रही है। यहां लंबी चर्चा के बाद अमेरिकी सीनेट ने कोविड-19 राहत के लिए 1.9 हजार अरब डॉलर के पैकेज को शनिवार को मंजूरी दे दी है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इस जीत को बेहद महत्वपूर्ण बताया क्योंकि देश को महामारी से उबारने और डांवाडोल अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए इसकी जरुरत है। संशोधनों पर पूरी रात चर्चा और रिपब्लिकन पार्टी द्वारा लगभग सभी संशोधनों को खारिज किए जाने के बाद थकान से भरे सीनेट सदस्यों ने लगभग पार्टी लाइन पर मतदान करते हुए विधेयक को पारित कर दिया। विधेयक के पक्ष में 50 जबकि विरोध में 49 वोट पड़े।

### हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा

संसद से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद सदन से इस विधेयक को अगले सप्ताह राष्ट्रपति बाइडेन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। सामान्य स्थिति बहाली की देश की जनता की इच्छाओं का हवाला देते हुए सीनेट में बहुमत के नेता चक स्कमर ने कहा, 'हम अमेरिकी नागरिकों से कह सकते हैं कि मदद पहुंचने वाली है।'

उन्होंने कहा, 'फिलहाल हमारा कर्तव्य देश को इस तूफान से निकालकर सामान्य स्थिति की ओर लेकर जाना है।' अमेरिका कोरोना वायरस से दुनिया का सबसे अधिक प्रभावित देश है। ऐसा कहा जा रहा है कि यहां हालात एक बार फिर बिगड़ सकते हैं। अमेरिका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 2.89 करोड़ तक पहुंच गई है।

#### नए सोशल मीडिया एप्स

## डिस्पो- क्लब हाउस के नाम हो सकते हैं आने वाले दिन

**नई दिल्ली**

सोशल मीडिया पर सिक्का जमा चुके फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे एप्स को छोड़ अब लोग डिस्पो और क्लबहाउस जैसे एप की बात कर रहे हैं। केवल साधारण फीचर देकर भी ये एप चर्चा में आ गए हैं और खूब पसंद किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया जगत में हो रहे नए बदलावों पर कई वर्षों से काम कर रहे सलाहकार अनूप मिश्रा बताते हैं कि फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे एप्स का दायरा इतना ज्यादा बढ़ गया है कि अब इनपर लोगों के लिए काम की चीजें कम और विज्ञापन अधिक दिखते हैं। आजकल लोग एड-फ्री विज्ञापन रहित और रियल टाइम एप्स को अधिक पसंद कर रहे हैं, भले ही इनमें फीचर कम ही क्यों न हों। यही सबसे बड़ी वजह है कि डिस्पो और क्लबहाउस जैसी एप्स को कम समय में इतना नाम मिल रहा है।

**2020 में 9.6 अरब डाउनलोड :** एप्स मार्केट पर आंकड़े जुटाने वाली संस्था एप एनी के अनुसार वर्ष 2020 में अलग-अलग तरह की सोशल नेटवर्किंग एप्स को करीब 9.6 अरब बार डाउनलोड किया गया।

### डिस्पो पर फोटो शेयरिंग क्लब हाउस पर ऑडियो-वीडियो चैट

डिस्पो एक तरह का फोटो शेयरिंग एप है, लेकिन ये इंस्टाग्राम से काफी अलग है। डिस्पो एप में केवल साधारण फीचर दिए गए हैं। यानी कि इस एप में आपको वीडियो में इफेक्ट डालने और फोटो को एडिट करने का विकल्प नहीं दिया गया है। इस एप को अभी तक एक करोड़ से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। क्लबहाउस एप मार्च 2020 से अंतरराष्ट्रीय एप मार्केट में आई थी। इस एप पर केवल ऑडियो-चैट और अलग-अलग विषयों पर चर्चा की जाती है। इस एप पर अपनी आवाज में पोस्ट कर सकते हैं। यहां लिखने और वीडियो बनाने जैसे फीचर नहीं है। एक करोड़ से अधिक लोगों ने क्लबहाउस को डाउनलोड किया है।

#### क्रिप्टोकरेंसी को लेकर वित्त मंत्री का बड़ा बयान

## जिन्होंने निवेश किया है उन्हें मिली राहत

**नई दिल्ली**

क्रिप्टोकरेंसी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार बदलते वक्त को ध्यान में रखते हुए क्रिप्टोकरेंसी पर पूरी तरह बैन नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इसको लेकर विचार करने के लिए तैयार है लेकिन हर कदम संभल कर रखा जाएगा। दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं। टेक्नोलॉजी के साथ दुनिया कदम मिला कर आगे बढ़ रही है। ऐसे में क्रिप्टोकरेंसी को पूरी तरह नकार नहीं सकते हैं।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि सरकार प्रशासन में सुधार के लिए क्रिप्टोकरेंसी सहित नई तकनीकों पर विचार करने को तैयार है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने उद्यमियों के संगठन ईओ पंजाब के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद प्रशासन के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी को



अपनाने के मजबूत समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि हम इनोवेशन और न्यू टेक्नोलॉजी का स्वागत करते हैं। ब्लॉकचेन एक नई उभरती हुई तकनीक है। क्रिप्टोकरेंसी वर्चुअल करेंसी का एक रूप है। मेरा विश्वास है कि हमें हमेशा खुले दिमाग से नये विचारों का मूल्यांकन, अन्वेषण और प्रोत्साहन करना चाहिए। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि सरकार अभी भी क्रिप्टोकरेंसी पर अपनी राय तैयार कर रही है।

### आखिरी फैसला आरबीआई का होगा

वित्त मंत्री का कहना है कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर आखिरी फैसला रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से लिया जाएगा। इस मुद्दे को लेकर अलग-अलग पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। रिजर्व बैंक इस विषय पर विचार कर रहा है कि किस तरह के अनाधिकारिक क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी दिया जाए और किस तरह इसे रेग्युलेट किया जाए। हम इस संबंध में हर तरह के प्रयोग के लिए तैयार हैं। यह बात उन्होंने सीएनबीसी टीवी-18 के साथ विशेष बातचीत में कही है।

## 10 लाख का नोट जारी करने वाला पहला देश बना वेनेजुएला भारत में इतने में आधा लीटर पेट्रोल भी नहीं मिलेगा!

**काराकस**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने आर्थिक तंगी और भयंकर मुद्रास्फीति से निपटने के लिए 10 लाख बोलिवर का नया करेंसी नोट जारी किया है। इससे पहले दुनिया के किसी भी देश ने इतना बड़ा करेंसी नोट नहीं छापा है। वेनेजुएला के वर्तमान मुद्रास्फीति के अनुसार, 10 लाख बोलिवर की कीमत आधा अमेरिकी डॉलर (करीब 36 रुपये) होगा। इतने में तो भारत में आधा लीटर पेट्रोल भी नहीं आएगा। कभी तेल के बूते अगाध संपन्नता देखने वाले वेनेजुएला में लोग अब भूखों मर रहे हैं। रुपये में अवमूल्यन का आलम यह है कि लोग बैग और बोरों में भरकर नोट लेकर जाते हैं और हाथ में टंगी पालीथीन में घर के लिए सामान खरीदकर लाते हैं।

### अगले हफ्ते 2 लाख और 5 लाख के नोट होंगे जारी

वेनेजुएला के केंद्रीय बैंक ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को देखते हुए इतने बड़े करेंसी नोट को जारी करना पड़ा है। अगले हफ्ते में दो लाख बोलिवर और पांच लाख बोलिवर के नोट भी जारी किए जाएंगे। वर्तमान में वेनेजुएला में 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार बोलिवर के नोट प्रचलन में हैं। वेनेजुएला में भारत के 1 रुपये की कीमत 25584.66 बोलिवर है।

**पिछले साल से जारी थी नोट छापने की अटकलें :** पिछले साल ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में बताया गया ता कि वेनेजुएला की सरकार जल्द ही 10 लाख बोलिवर (वहां का रुपया) का नोट छापने जा रही है। इसके लिए इटली की एक फर्म से 71 टन सिक्योरिटी पेपर का आयात किया गया है। इस फर्म का स्वामित्व इटली की कंपनी बैन कैपिटल के पास है, जो दुनिया के कई देशों को सिक्योरिटी पेपर का निर्यात करती है। कस्टम की रिपोर्ट में सिक्योरिटी पेपर को मंगाए जाने की बात का खुलासा हुआ है।

**10 लाख के नोट में आएगा आधा किलो चावल :** वेनेजुएला में 10 लाख बोलिवर के नोट अब सबसे बड़े मूल्यवर्ग का नोट बन गए हैं। हालांकि इसकी कीमत तब भी आधा यूएस डॉलर ही है। इतने रुपये में यहां केवल दो किलो आलू या आधा किलो चावल ही खरीद पाएंगे। वहां की सरकार लोगों को सहूलियत देने के लिए बड़े मूल्यवर्ग के नोटों को छापने की योजना बना रही है।

## टेस्ला ने लॉन्च किया नया सोशल एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म यूजर्स कर सकेंगे पोस्ट को लाइक और कमेंट

**नई दिल्ली**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने स्वच्छ ऊर्जा के लिए आंदोलन हेतु कार्रवाई करने के लिए अपनी वेबसाइट पर एक नया सोशल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इस सोशल प्लेटफॉर्म का नाम 'एंगेज टेस्ला' है जो कि कंपनी की पब्लिक पॉलिसी टीम और ओनर्स क्लब दोनों के लिए एक नया मंच है।

कंपनी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार कंपनी का लक्ष्य सभी कामों के लिए एक डिजिटल होम बेस बनाना है, और टेस्ला समुदाय के सदस्यों के लिए यह सीखना आसान बनाना है कि




हमारे दिमाग में जो भी है उसका सार्थक उपयोग करें. हमें उम्मीद है कि आप हमारे साथ जुड़ेंगे।

### लाइक और कमेंट करने का भी मिलेगा ऑप्शन

प्लेटफॉर्म के यूजर्स अन्य लोगों के लिखे पोस्ट पर कमेंट कर सकते हैं और 'लाइक' कर सकते हैं. वे अन्य यूजर्स की टिप्पणियों के साथ अपडेटेड रहने के लिए पर्सनल अकाउंट को भी फॉलो कर सकते हैं. एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म होने के नाते इसमें एक कमेंट सिस्टम भी है, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं. प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग कंपनी की आलोचना के लिए भी विकल्प चाहते हैं। टेस्ला अपनी वेबसाइट के कई बड़े फोरम को भी बंद कर रहा है।

### सोशल मीडिया के सपोर्टर हैं एलन मस्क

आपको बता दें कि टेस्ला के मालिक सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और हाल ही में वॉट्सऐप की प्राइवेसी में बदलाव होने के बाद उन्होंने सिग्नल को प्रमोट किया था और यूजर्स को इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए कहा था. इसके बाद सिग्नल ऐप के यूजर्स में बहुत तेजी से बढ़ोत्तरी हुई थी।

इस ऐप को अब तक कई मिलियन यूजर्स डाउनलोड कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में ऑडियो प्लेटफॉर्म क्लबहाउस को भी प्रमोट किया था जिसपर लोग अलग-अलग टॉपिक पर डिस्कशन करते हैं. क्लबहाउस ऐप अभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है।

**स्पेशल खबर...** *बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में तैयार की गई नई मिनी कंट्रीमैन को दो पेट्रोल मिनी कंट्रीमैन कूपर एस और मिनी कंट्रीमैन कूपर एस जेसीडब्ल्यू इंस्पायर्ड में पेश किया गया ...*

## नई मिनी कंट्रीमैन : भारत में हुई लॉन्च, 7.5 सेकंड में पकड़ती है 100 किमी/घंटा की रफ्तार

**नई दिल्ली**

ब्रिटिश लग्जरी कार निर्माता मिनी ने भारत में अपनी नई कार (कंट्रीमैन) को लॉन्च कर दिया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में तैयार की गई नई मिनी कंट्रीमैन को दो पेट्रोल मिनी कंट्रीमैन कूपर एस और मिनी कंट्रीमैन कूपर एस जेसीडब्ल्यू इंस्पायर्ड में पेश किया गया है। इस कार को बुकिंग शुरू हो गई है। इसे कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर और सभी मिनी ऑथराइज्ड डीलर्स पर कराया जा सकता है। साथ ही ग्राहक इस कार की टेस्ट ड्राइव भी ले सकते हैं।

**लुक और डिजाइन :** नई मिनी कंट्रीमैन में शानदार इंटीरियर स्टाइल मॉडर्न एस्थेटिक्स और क्राफ्टमैनशिप के साथ व्यावहारिक फंक्शनैलिटी का मेल है। मिनी कॉकपिट अपने हॉरिजॉन्टल स्ट्रक्चर,



स्ट्रेच्ड लाइंस और व्यापक सर्फेस के जरिए काफी आकर्षक लुक देती है। मिनी कंट्रीमैन कूपर एस लेदरेट कार्बन ब्लैक अपहोल्स्ट्री युक्त इंटीरियर सर्फेस पियानो बैक के साथ आती है, जबकि मिनी कंट्रीमैन कूपर एस जेसीडब्ल्यू इंस्पाइर्ड एक नई ट्रिम मिनी यॉर्ज इंटीरियर स्टाइल शेडेड सिल्वर की पेशकश करता है, जिसमें लेदर चेस्टर माल्ट ब्राउन या लेदर चेस्टर सैटेलाइट ग्रे अपहोल्स्ट्री में से एक चुनने का विकल्प है। आर्मरेस्ट सर्फेस, डैशबोर्ड के तहत नी पैड्स और डोर पैनल के साथ दिखाई देने वाली कलर लाइंस अब इंडिविजुअल अपहोल्स्ट्री कलर्स के साथ मैच करती हैं। नई मिनी कंट्रीमैन का एक्सटीरियर वाहन की विलक्षणता, चुस्ती-फुर्ती और प्रीमियम कैरेक्टर को जाहिर करता है। इसके दमदार प्रपोर्शंस खासतौर पर अलग मौजूदगी का एहसास देते हैं, जो आइकॉनिक मिनी डिजाइन लैंग्वेज के साथ बड़ी हुई फंक्शनैलिटी को साथ लाती है। सर्फेस पर सटीक कांटुर कार के एथलेटिक शेप और वर्टिकल ओरिएंटेशन को रेखांकित करते हैं। कंट्रास्टिंग रूफ, नई एलईडी हेडलाइट, यूनियन जैक डिजाइन में एलईडी रियर लाइट्स, नई रेडिएटर ग्रिल, नई फ्रंट एंड रियर बंपर और कूपर एस वेरिएंट में 17-इंच/43.18 सेमी. इम्प्रिंट स्पोक व्हील पहले से ही आकर्षक डिजाइन में एक फ्रेश नया लुक जोड़ते हैं।

साटिन-फिनिश्ड एल्यूमीनम में रूफ-रेल्स सिल्वर-कलर्ड साइड सिल टॉप्स से जुड़ी रहती है, जिसके चलते कार की ऊंचाई तक बढ़िया छवि बनती है। रेडिएटर ग्रिल के साथ मिलकर एलईडी हेडलैम्प का थोड़ा एसिमेट्रिकली राउंडेड कांटुर एक अलग फ्रंट व्यू बनाता है। कूपर एस जेसीडब्ल्यू इंस्पाइर्ड वैरिएंट में जॉन कूपर वर्क्स एरोडाइनैमिक किट और 18 इंच/45.72 सेमी. जॉन कूपर वर्क्स थ्रिल स्पोक व्हील, रनफ्लैट टायर्स के साथ वाहन के ओवरऑल स्टाइल में चार चांद लगाते हैं।

**शानदार फीचर्स :** मिनी कंट्रीमैन कूपर एस जेसीडब्ल्यू इंस्पाइर्ड में नया मल्टीफंक्शन फुली डिजिटल डिस्प्ले लगा है, जो स्पीड, गियर, फ्यूल लेवल, माइलेज, टेंप्रेचर और नेविगेशन इंस्ट्रक्शंस का क्लीयर व्यू देता है। इससे भी आगे, हेड-अप डिस्प्ले ड्राइविंग की स्पीड और नेविगेशन इंस्ट्रक्शंस जैसे आवश्यक विवरणों से चूके बगैर सड़क पर निगाहें बनाए रखने में मददगार होता है। आइकॉनिक सर्कुलर सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट पैनल एक एलईडी रिंग से घिरा हुआ है और 8.8-इंच/22.35 सेमी. टचस्क्रीन (कूपर एस वेरिएंट में 6.5-इंच/16.51सेमी) में शानदार कलर डिस्प्ले प्रस्तुत करता है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017